पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय
छत्तीसगढ़, बिलासपुर

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)

कार्यवाही विवरण

विद्यापरिषद् की 13 वीं बैठक

दिनांक 22/05/2014, दिन गुरूवार

समय : 12:00 बजे दोपहर

स्थान – मुख्यालय, बिलासपुर

विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् की 13 वीं बैठक का कार्यवाही विवरण

पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ, बिलासपुर की विद्यापरिषद् की 13 वीं स्थगित बैठक माननीय कुलपति की अध्यक्षता में दिनांक 22/05/2014 को दोपहर 12:00 बजे विश्वविद्यालय मुख्यालय में आयोजित हुई। बैठक में निम्नानुसार उपस्थिति रही –

1. **डॉ. ए. आर. चद्रांकर** – अध्यक्ष
   कुलपति
   पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय
   छत्तीसगढ, बिलासपुर

2. **प्रो. एस के जाधव** – सदस्य
   विभागाध्यक्ष (बायोटेक्नालाजी)
   पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर
   (विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् के द्वारा नामांकित)

3. **डॉ. मनीष श्रीवास्तव** – सदस्य
   आचार्य एवं विभागाध्यक्ष (अंग्रेजी)
   गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय
   बिलासपुर (छ.ग.)

   (कुलपति के द्वारा अध्ययन मंडल के अध्यक्ष के रूप में मनोनीत)

4. **डॉ. उमेश कुमार श्रीवास्तव** – सदस्य
   परीक्षा नियंत्रक
   बिलासपुर विश्वविद्यालय
   बिलासपुर (छ.ग.)

   (कुलपति के द्वारा अध्ययन मंडल के अध्यक्ष के रूप में मनोनीत)

5. **डॉ. अमित खासकलम** – सदस्य
   व्याख्याता एंव विभागाध्यक्ष (सूचना प्रौद्योगिकी)
   गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय
   बिलासपुर (छ.ग.)

   (विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् के द्वारा नामांकित)

6. **श्री रमेश नैयर** – सदस्य
   संचालक
   छत्तीसगढ़ राज्य हिन्दी ग्रंथ अकादमी
   रायपुर

7. **डॉ. बी.पी साहू** — सचिव
कुलसचिव
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय
छत्तीसगढ, बिलासपुर

निम्न सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके –

1. **डॉ. श्रीमती विभा जोशी** — सदस्य
निदेशक
स्कूल ऑफ एजुकेशन
इंदिरा गाधी राष्टीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

2. **डॉ. टी. एल वर्मा** — सदस्य
विभागाध्यक्ष (भूगोल विभाग)
शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

3. **डॉ. सुरेश शुक्ला** — सदस्य
प्राध्यापक (इतिहास विभाग)
शास. स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महा. बिलासपुर

4. **आयुक्त** — सदस्य
उच्च शिक्षा संचालनालय
रायपुर

बैठक प्रारंभ होने पर अध्यक्ष महोदय की अनुमति से निम्नलिखित प्रस्ताव विचार हेतु रखे गये –

प्रस्ताव कं 1 विश्वविद्यालय विद्या परिषद् की 12 वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन एवम् पालन प्रतिवेदन।

निर्णय – 12 वीं बैठक का कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया एवं पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की गई।

प्रस्ताव क्रं. 2 सत्र 2008–09 में आयोजित स्नातक/स्नातकोत्तर सत्रांत परीक्षा में जिन परीक्षार्थियों के सत्रीय कार्य की उत्तरपुस्तिका उपलब्ध नहीं है, उन्हे औसत अंक दिये जाने पर विचार।

निर्णय – सत्र 2008–09 में जिन परीक्षार्थियों के 50 प्रतिशत से अधिक सत्रीय कार्यो में प्राप्तांक है और शेष प्राप्तांक उपलब्ध नहीं हो पा रहे है तथा उनकी

सत्रीय कार्य की उत्तर पुस्तिकाएं भी उपलब्ध नहीं हो रही है। ऐसी स्थिति में परीक्षार्थी को शेष सत्रीय कार्यो में प्राप्तांकों के आधार पर औसत अंक प्रदान किया जाए तथा परिणाम उसी प्रकार घोषित किया जाए, जिस प्रकार सत्र 2006–07 के परीक्षार्थी के लिए प्रकिया अपनाई गयी थी।

(2) जिन परीक्षार्थियों के 50 प्रतिशत से कम सत्रीय कार्यो में प्राप्तांक उपलब्ध है अथवा सभी सत्रीय कार्यो में अनुपस्थित है, उन्हे तीन माह के भीतर वर्तमान सत्र 2013–2014 के सत्रीय कार्य की लिखित उत्तरपुस्तिकाएं संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में जमा करने हेतु अधिसूचित किया जाए। ऐसे परीक्षार्थियों से किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क न लिया जाए। समयावधि में प्राप्त सत्रीय कार्य की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराकर परीक्षार्थियों के परिणाम घोषित किए जाएँ।

उपर्युक्त सुविधा संत्रात परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के लिए मान्य नहीं होगी।

प्रस्ताव क्रं. 3 शैक्षणिक सत्र 2014–2015 के लिये पाठयक्रम, का निर्धारण।

निर्णय – प्रस्ताव मान्य किया गया।

प्रस्ताव क्रं. 4 शैक्षणिक सत्र 2014–2015 के लिये स्नातक स्तर के पाठयक्रमों के लिये पाठयसामग्री कय पर विचार।

निर्णय – प्रस्ताव मान्य किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य हिन्दी ग्रंथ अकादमी, रायपुर एवं मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल को आवश्यकतानुसार कयादेश शीध्र जारी किए जाए, जिससे छात्रों को प्रवेश के समय ही पाठयसामग्री प्राप्त हो सके। इसी प्रकार अन्य पाठ्यक्रमों के लिए शासकीय अथवा अन्य विश्वविद्यालयों से पाठयसामग्री आवश्यकतानुसार कय करने की प्रक्रिया अपनाई जाए।

बैठक के अंत में अध्यक्ष की प्रति आभार प्रगट करते हुये बैठक समाप्त की मई।

(डॉ. बी.पी.साहू)
कुलसचिव

A Chandrakar 22/5/2014
(डॉ. ए. आर. चन्द्राकर)
कुलपति